# मध्य-धारा पेशाब नमूना (एमएसयू) कैसे एकत्र करें

## महिला मूत्र तंत्र वाली बड़ी बच्चीयों, युवतीयों और वयस्कों के लिए

### सामान्य बातें

**पेशाब का नमूना लेने** से **पहले और बाद में हमेशा साबुन और पानी से अपने हाथ धोएँ।**

**जब तक** आप नमूना लेने के लिए तैयार न हों, तब तक **जीवाणुरहित डिब्बे को न खोलें।**

**डिब्बे के अंदरूनी हिस्से को छूने से** बचें और अपने गुप्तांगों को इसके किसी भी हिस्से से **छूने न दें।**

**नमूना लेने से पहले डिब्बे पर लेबल लगाएँ** यदि आपके स्वास्थ्यसेवा पेशेवर ने आपसे ऐसा करने के लिए कहा है।

## मध्य-धारा पेशाब नमूना एकत्र करने के लिए

**1**



.
डिब्बे के ढक्कन को हटाएँ और उसे एक साफ़ सतह पर इस तरह रखें कि उस का अंदर का हिस्सा ऊपर की ओर हो।

**2**



एक हाथ का उपयाग करके भगोष्ठ (योनि के मुहाने के आस-पास की त्वचा की परतों) को अलग करें और उन्हें खुला रखें।
.

**3**



.
शौचालय में पेशाब करना शुरू करें (पेशाब की शुरुआती धार को एकत्र न करें)। धार को रोके बिना, डिब्बे को धार के नीचे ले जाएं और थोड़ा पेशाब एकत्र करें।

**4**



डिब्बे में
बिना अधिक भरे और बाहर गिराए जितना हो सके उतना, या अगर उस पर कोई निशान बना हो, तो उस निशान तक पेशाब भरें
। शौचालय में पेशाब करना पूरा करें।

**5**



ड़िब्ब का ढक्कन वापस बंद
करें और इसे सुरक्षित तरीके से कसें। यदि डिब्बा बाहर से गीला है तो इसे धोकर सुखाएं।

**6**



पेशाब के नमूने को
सभी फ़ॉर्मों या लेबलों के साथ जिन्हें भरने के लिए आपसे कहा गया है, जितनी जल्दी हो सके अपने स्वास्थ्यसेवा प्रदाता के पास ले जाएं । पृष्ठ 2 पर दिए गए सुझावों का पालन करें।

## जानकारी का सारांश

**मध्य-धारा पेशाब नमूना क्या है?** मध्य-धारा पेशाब नमूना वह पेशाब है जिसे पेशाब करते समय बीच में एकत्र किया जाता है।

**मुझे मध्य-धारा पेशाब एकत्र करने की ज़रूरत क्यों है?**

पेशाब की धार की शुरुआत में निकलने वाले पेशाब में त्वचा से कीटाणु आ सकते हैं, जो परीक्षण के नतीजों पर असर डाल सकते हैं। मध्य-धार में नमूना एकत्र करना ऐसा होने से बचाने में मदद करता है और अधिक सटीक नतीजे देता है।

**क्या एक नमूना एकत्र करने से पहले मुझे अपने जननांग क्षेत्र को धोना होगा?**

आपको विशेष वाइप्स या सफ़ाई के उत्पादों इस्तेमाल करने की ज़रूरत नहीं है जब तक आपके स्वास्थ्यसेवा पेशेवर आपको ऐसा न करने के लिए नहीं कहते। बस यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र साफ और सूखा है।

**क्या मैं घर का कोई जार या डिब्बा इस्तेमाल कर सकती हूँ?**

नमूना एकत्र करने के लिए आपको उसी डिब्बे का उपयोग करना चाहिए जो आपके स्वास्थ्यसेवा पेशेवर ने आपको दिया है।

**क्या इस से कोई फ़र्क पड़ता है कि मैं नमूना कब एकत्र करती हूँ?**

सबसे अच्छी गुणवत्ता का नमूना पाने के लिए, अपनी अपॉइंटमेंट के समय के जितना करीब संभव हो नमूना एकत्र करने की कोशिश करें। अगर हो सके, तो एंटीबायोटिक्स लेने से पहले नमूना लेने की कोशिश करें।

**क्या ऐसी स्थितियाँ हैं जिनमें यह प्रक्रिया बदल सकती है?**

कभी-कभी आपके स्वास्थ्यसेवा प्रदाता पेशाब का नमूना एकत्र करने के लिए कोई दूसरा तरीका अपनाने की सलाह दे सकते हैं। यदि ऐसा है, तो उनके दिए गए निर्देशों का पालन करें।

## पेशाब का नमूना वापस करने के लिए सुझाव

**नमूना जल्दी वापस करें**
इसे जितनी जल्दी संभव हो अपने स्वास्थ्यसेवा प्रदाता के पास ले जाएं – आदर्श तौर पर
दो घंटों के अंदर।

**ड्रॉप-ऑफ करने के समय पता करें** पूछें कि नमूना जमा- करने का आखिरी समय क्या है, ताकि आपका नमूना उसी दिन लैब पहुँच सके।

**इसे ठंडा रखें**
यदि आप नमूना जल्दी वापस नहीं कर सकते, तो इसे एक प्लास्टिक की थैली में डाल कर तब तक फ्रिज में रखें जब तक आप ऐसा नहीं कर सकते।

**विशेष जीवाणुरहित डिब्बों का उपयोग करना**
कुछ डिब्बों में प्रिजर्वेटिव पाउडर और भरने के लिए एक निशान वाली लाइन होती है। लाइन तक भरने की कोशिश करें, लेकिन अगर आप ऐसा नहीं कर सकते, तो जितना हो सके उतना पेशाब एकत्र करें।

अधिक जानकारी के लिए **यहाँ स्कैन करें**

© क्राउन कॉपीराइट 2026. संस्करण 1. प्रकाशित: जुलाई 2026. संशोधन तिथि: जुलाई 2029। यह दस्तावेज़ स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के सहयोग से विकसित किया गया है। मरीज़ और पेशेवर चिकित्सा संस्थाएँ। टारगेट का संचालन यूके स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी द्वारा किया जाता है।